# एनएसएस विशेष शिविर के माध्यम से शिक्षा व डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा

विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा 'शिक्षा, डिजिटल साक्षरता एवं कौशल विकास के माध्यम से ग्रामीण सशक्तिकरण' विषय पर 18 से 24 जनवरी 2026 तक चकफेरी कॉलोनी में सात–दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का उद्देश्य शिक्षा को बढ़ावा देना, डिजिटल साक्षरता को सुदृढ़ करना, ग्रामीण समुदाय के सदस्यों में व्यावहारिक कौशल विकसित करना तथा युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं एनएसएस गीत के साथ हुआ। इसके पश्चात डा. संध्या रानी, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी द्वारा शिविर का औपचारिक परिचय प्रस्तुत किया गया तथा शिविर के उद्देश्यों एवं सात दिवसीय गतिविधियों की विस्तृत रूपरेखा पर प्रकाश डाला गया। उद्घाटन समारोह में डा. सोनू रानी, एनएसएस समन्वयक, मुख्य अतिथि के रूप में तथा इंजीनियर बेगराज सिंह, सिंचाई विभाग, रुद्रपुर, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने एनएसएस स्वयंसेवकों को प्रेरित किया तथा उन्हें शिविर की सभी गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। डा. सोनू रानी ने वर्तमान समय में डिजिटल शिक्षा के महत्व पर बल दिया तथा विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों को व्यक्तिगत विकास एवं ग्रामीण उन्नति के लिए डिजिटल साधनों के उपयोग हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में स्थानीय समुदाय के सदस्यों की उपस्थिति ने सक्रिय जनसहभागिता एवं सहयोग को दर्शाया। कार्यक्रम का समापन एनएसएस प्रतिज्ञा के साथ हुआ, जिसमें स्वयंसेवकों ने समाज सेवा के प्रति सर्म्पण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल्यों का पालन करने का संकल्प लिया।

